रजिस्ट्री सं. डी.--(डी एन)--73 REGISTERED NO. D--(DN)--73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 37] नई दिल्ली, शनिवार, सितम्बर 10, 1983 (भाद्रपद 19, 1905)
No. 37] NEW DELHI, SATURDAY, SEPTEMBER 10, 1983 (BHADRA 19, 1905)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I--खंड 1--भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के संबंध में अधिसूचनाएं	621
भाग I--खंड 2--भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) द्वारा जारी की गयी सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं	1233
भाग I--खंड 3--रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के संबंध में अधिसूचनाएं	—
भाग I--खंड 4--रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं	1421
भाग II--खंड 1--अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	*
भाग II--खंड 1-क--अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ	*
भाग II--खंड 2--विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट	*
भाग II--खंड 3--उप-खंड (i)--भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़ कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं)	*
भाग II--खंड 3--उप-खंड (ii)--भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़ कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं	*
भाग II--खंड 3--उप-खंड (iii)--भारत सरकार के मंत्रालयों जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी में प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खंड 3 या खंड 4 में प्रकाशित होते हैं)	*
भाग II--खंड 4--रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश	*
भाग III--खंड 1--उच्चतम न्यायालय, महालेखा परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेलवे प्रशासनों, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	19081
भाग III--खंड 2--पैटेंट कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गयी अधिसूचनाएं और नोटिस	609
भाग III--खंड 3--मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	153
भाग III--खंड 4--विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं	2885
भाग IV--गैर-सरकारी व्यक्ति और गैर-सरकारी निकायों द्वारा विज्ञापन और नोटिस	159
भाग V--अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़े को दिखाने वाला अनुपूरक	*

*पृष्ठ संख्या प्राप्त नहीं हुई है।

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1.—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) ..	621
PART I—SECTION 2.—Notifications regarding Appointments, Promotions, etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence)	1233
PART I—SECTION 3.—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence	—
PART I—SECTION 4.—Notifications regarding Appointments, Promotions, etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	1421
PART II—SECTION 1.—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1-A.—Authoritative text in the Hindi Language of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2.—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3.—SUB.-SEC. (i).—General Statutory Rules (including orders, bye-laws, etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) ..	*
PART II—SECTION 3.—SUB-SEC. (ii).—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) .	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (iii).—Authoritative tests in Hindi (other than such texts published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules and Statutory Orders (including bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by General Authorities (other than Administrations of Union Territories)	*
PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence .. .	*
PART III—SECTION 1.—Notifications issued by the Supreme Court, Auditor General, Union Public Service Commission Railway Administrations, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India	19081
PART III—SECTION 2.—Notifications and Notices issued by the Patent Office, Calcutta ..	609
PART III—SECTION 3.—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	153
PART III—SECTION 4.—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	2885
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies	159
PART V—Supplement showing statistics of Birth and Deaths etc. both in English and Hindi	

*Folio Nos. not received

भाग I—खण्ड 1
PART I—SECTION 1

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बंधित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 27 अगस्त 1983

स० 68-प्रेस/83—राष्ट्रपति, दिल्ली पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं —

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री गुरबक्श लाल मेहता
नं० डी/822,
पुलिस उप-निरीक्षक
दिल्ली ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

23 नवम्बर, 1981 को प्रातः लगभग 3 15 बजे चार सशस्त्र व्यक्ति एक देशी पिस्तौल और लोहे की छड़ें लेकर मकान नं० एस-355, पंचशील पार्क, मे जबरदस्ती घुस गए। यह भवन एक कम्पनी के अतिथि-गृह के रूप मे प्रयोग किया जा रहा था। एक बारात मे शामिल होने के लिए अलवर से आए हुए श्री आलोक कुमार दत्ता और उनका परिवार "आईशर" अतिथि-गृह मे ठहरे हुए थे। श्री दत्ता तथा उनके परिवार के शयन कक्षो को लूटा और उन्हे सोने के कुछ जेवरो से वंचित कर दिया। एक पड़ौसी ने शोर सुना और उसने पुलिस चौकी मालवीय नगर को सूचित किया। अपराधियो को पकड़ने के उद्देश्य से कोई क्षण नष्ट किए बिना उप-निरीक्षक गुरबक्श लाल कास्टेबल बलवान सिंह को लेकर घटनास्थल की ओर तेजी से बढ़े। वे उस स्थान पर उस समय पहुचे जब अपराधी जाने ही वाले थे। उप-निरीक्षक गुरबक्श लाल और कांस्टेबल बलवान सिंह ने अपराधियो को ललकारा जिसके फलस्वरूप पुलिस और अपराधियो का आपस मे मुकाबला हो गया। अपराधियो ने आग्नेयास्त्र निकाल लिए और उप-निरीक्षक गुरबक्श लाल को भीषण परिणामो की चुनौती दी। इन दो पुलिस अधिकारियो ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए उन्हें पकड़ने की कोशिश की। अपराधियो ने उप-निरीक्षक गुरबक्श लाल पर दो गोलियां चलाईं और उन्हे बुरी तरह घायल कर दिया। गभीर चोटो के बावजूद उप-निरीक्षक गुरबक्श लाल और कास्टेबल सघर्ष करते रहे और अपराधियो के साथ हाथा पाई कर उनमे से एक को घायल कर दिया। उप-निरीक्षक ने एक अपराधी को अपनी पकड मे ले लिया और उसे जमीन पर पटक दिया परन्तु दूसरे अपराधी ने लोहे की छड से उन पर वार किया जिसके कारण उनके सिर, पैर और हाथ की हड्डिया टूट गईं। उप-निरीक्षक गुरबक्श लाल ने फिर भी जमीन पर गिरने से पहले एक अपराधी को घायल कर दिया था । गभीर रूप से घायल हुए उप-निरीक्षक को सफदरजग अस्पताल में दाखिल किया गया।

श्री गुरबक्श लाल, उप-निरीक्षक, ने इस प्रकार अनुकरणीय साहस, उत्कृष्ट वीरता और अति उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

2 यह पदक राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 23 नवम्बर, 1981 से दिया जाएगा।

सु० नीलकण्ठन, राष्ट्रपति का उप सचिव

योजना आयोग

(श्रम, रोजगार और जनशक्ति प्रभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 6 अगस्त 1983

विषय —स्व रोजगार के लिए राष्ट्रीयस्तर पर मार्गदर्शन समिति के सदस्य-सचिव।]

सं० एम० 12038/1/83-एल० ई० एम ई० पी०—योजना आयोग के दिनांक 8 अप्रैल, 1981 के संकल्प सं० एम० 12038/1/81-एल० ई० एम०/ई० पी० के पैरा 2 के और दिनांक 22 अप्रैल, 1981, 12 जून, 1981, 31 अगस्त, 1981, 24 दिसम्बर, 1981 और 7 जून, 1982 की इसी सख्या की अधिसूचनाओ के क्रम मे, समिति के गठन में निम्नलिखित संशोधन किया जाता है, अर्थात्

समिति के सदस्य-सचिव श्री ए० वी० आर० चार से संबंधित क्रम सं० '23' के आगे निम्नलिखित के नाम को प्रतिस्थापित किया जाए .

डा० (श्रीमति) र० तामरजाक्षी, सलाहकार (एल०ई०एम०) योजना आयोग ।

के० सी० अग्रवाल, निदेशक (प्रशासन),

वित्त मंत्रालय

(राजस्व विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 20 अगस्त 1983

सकल्प

स० ई० 11017/45/79-रा० भा०—वित्त मत्रालय की हिन्दी सलाहकार समिति की बैठक मे, जो 30 जनवरी, 1981 को राज्य मंत्री (राजस्व तथा व्यय) की अध्यक्षता मे हुई थी, यह निर्णय किया गया था कि वित्तीय विषयो पर हिन्दी मे मूल रूप से लिखी गई पुस्तको पर पुरस्कार देने की वित्तीय साहित्य पुरस्कार योजना के नाम से एक योजना तैयार की जाये।

2 योजना का उद्देश्य

इस योजना का उद्देश्य वित्तीय विषयो पर हिन्दी मे मानक मूल पुस्तक लेखन को बढ़ावा देना है ।

3 पात्रता

पुरस्कार केवल भारतीय नागरिको को दिए जाएगे । लोक सेवक भी, जिनमे वित्त मत्रालय मे तथा उसके अन्तर्गत तथा उसके नियत्रणाधीन सगठनो मे और भारतीय लेखा परीक्षा विभाग मे कार्य कर रहे सरकारी कर्मचारी भी शामिल हैं, इस योजना मे भाग ले सकेगे।

4 विषय

प्रति वर्ष निम्नलिखित विषयो पर मूलत हिन्दी मे लिखी गई पुस्तको पर पुरस्कार दिए जाएगे —

(क) प्रत्यक्ष कर

(ख) अप्रत्यक्ष कर

(ग) बैंकिंग

(ग) बैंकिंग
(घ) जीवन बीमा
(ङ) साधारण बीमा
(च) मुद्रा व सिक्का-ढलाई
(छ) लोक वित्त
(ज) विनिमय नियंत्रण
(झ) विक्रय कर
(ञ) नारकोटिक्स
(ट) स्वर्ण नियंत्रण
(ठ) विदेशी सहायता

नोट : अन्य वित्तीय विषयों पर लिखी गयी, जो ऊपर विनिर्दिष्ट नहीं हैं, पुस्तकों पर भी विचार किया जाएगा ।

5. पुरस्कार

इस योजना के अन्तर्गत दिए जाने वाले पुरस्कार इस प्रकार है :—

प्रथम पुरस्कार — 5000/– रु० (पांच हजार रुपये)
द्वितीय पुरस्कार — 3000/– रु० (तीन हजार रुपये)
तृतीय पुरस्कार — 2000/– रु० (दो हजार रुपये)

6. पुरस्कार वर्ष

(i) वित्तीय वर्ष को पुरस्कार वर्ष माना जाएगा ।

(ii) किसी पुरस्कार वर्ष विशेष में पुरस्कार विचार हेतु प्रस्तुत की जाने वाली पुस्तकें पिछले वित्तीय वर्ष में लिखी गयी/प्रकाशित की गयी होनी चाहिए ।

(iii) इस योजना के अन्तर्गत पुस्तक पुरस्कार वर्ष के 30 जून तक स्वीकार की जायेंगी ।

7. पुरस्कारों का दाता

ये पुरस्कार वित्त मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से दिए जाएंगे ।

8. पुस्तकों का मूल्यांकन

(i) इस योजना के अन्तर्गत पुरस्कारों के लिए विचारार्थ प्राप्त पुस्तकें मूल्यांकन हेतु पहले एक विशेषज्ञ समिति को भेजी जाएंगी जिसका गठन प्रति वर्ष वित्त मंत्रालय द्वारा किया जाएगा । समिति के सदस्यों के नाम तथा मूल्यांकन समिति की कार्यवाही गुप्त रखी जाएगी ।

(ii) मूल्यांकन समिति, प्राप्त पुस्तकों का गुण-दोष के आधार पर मूल्यांकन करेगी तथा उसी क्रम में लेखकों और उनकी पुस्तकों के नामों की निर्धारित तारीख तक पुरस्कार समिति के सचिव को सिफारिश करेगी और उन्हें भेजी गई पुस्तकों/पाण्डुलिपियों की सभी प्रतियां उक्त समिति के सचिव को वापिस करेगी ।

(iii) जिन पुस्तकों के लिए किसी भी पुरस्कार की सिफारिश नहीं की गयी हो, उन पुस्तकों के बारे में मूल्यांकन समिति, यह समाधान हो जाने पर कि हिन्दी में पुस्तकें लिखने के लिए सतत प्रयास किया गया है, पुस्तक के लेखक को टंकण/प्रकाशन की क्षतिपूर्ति के लिए प्रति पुस्तक 200/– रु० की राशि के भुगतान की सिफारिश करेगी ।

(iv) मूल्यांकन समिति द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट पुरस्कार समिति के समक्ष रखी जाएगी, जिसमें निम्नलिखित सदस्य होंगे :—

1. वित्त राज्य मंत्री/वित्त मंत्रालय के उप मंत्री — अध्यक्ष
2. भारत सरकार के हिन्दी सलाहकार — सदस्य
3. अपर सचिव (प्रशासन), राजस्व विभाग — सदस्य
4. संयुक्त सचिव (राजभाषा कार्यान्वयन) आर्थिक कार्य विभाग — सदस्य
5. संयुक्त सचिव (राजभाषा कार्यान्वयन) व्यय-विभाग — सदस्य

(v) राजस्व विभाग के उप सचिव/निदेशक (प्रशासन) इस पुरस्कार समिति के सचिव होंगे ।

(vi) यह पुरस्कार समिति, मूल्यांकन समिति द्वारा प्रस्तुत रिपोर्टों के आधार पर पुरस्कार मंजूर करने के प्रयोजनार्थ पुस्तकों की उपयुक्तता के संबंध में विचार करेगी ।

9. योजना के प्रयोजनार्थ मूल पुस्तक की परिभाषा

मूल हिन्दी पुस्तक से अभिप्राय वह पुस्तक है :

(क) जो प्रतियोगी/लेखक द्वारा स्वयं मूलतः हिन्दी में लिखी गई हो;

(ख) जो किसी लेखक द्वारा किसी अन्य भाषा में लिखी गई पुस्तक या लेख का प्रतियोगी द्वारा किया गया अनुवाद न हो;

(ग) जो प्रतियोगी द्वारा स्वयं मूल रूप से किसी अन्य भाषा में लिखित पुस्तक का प्रतियोगी द्वारा या किसी व्यावसायिक अनुवादक द्वारा किया गया अनुवाद न हो;

(घ) जो प्रतियोगी द्वारा अपनी शासकीय हैसियत में या अपने शासकीय कार्य के अंग के रूप में मूल रूप से हिन्दी में या किसी अन्य भाषा में नहीं लिखी गई हो;

(ङ) जो प्रतियोगी द्वारा स्वयं अथवा किसी व्यावसायिक अनुवादक द्वारा किया गया, प्रतियोगी द्वारा शासकीय हैसियत में और अपने शासकीय कार्य के अंग के रूप में अंग्रेजी में अथवा किसी अन्य भाषा में लिखी गई किसी पुस्तक अथवा लेख का, हिन्दी अनुवाद न हो;

(च) जो प्रतियोगी द्वारा स्वयं अथवा किसी अन्य द्वारा तैयार किया गया, प्रतियोगी द्वारा उसकी शासकीय हैसियत में और उसके शासकीय कार्य के अंग के रूप में अंग्रेजी में अथवा किसी अन्य भाषा में पहले से ही लिखी गयी और/अथवा प्रकाशित पुस्तक या लेख के विशद अथवा संक्षिप्ति अथवा सार रूप में हिन्दी पाठ न हो ; और

(छ) जो किसी सरकारी ठेके के अन्तर्गत या किसी सरकारी योजना के अनुसार लिखी गई पुस्तक न हो ।

10. प्रविष्टियां

(i) पुरस्कार के लिए विचारार्थ प्रकाशित पुस्तकें या टंकित प्रतियां, दोनों स्वीकार की जाएंगी । प्रतियोगी लेखकों को निर्धारित प्रपत्र में यह घोषणा करनी होगी कि योजना के अन्तर्गत भेजी गई पुस्तक ऊपर दी गई परिभाषाओं के मुताबिक मूल कृति है ।

(ii) यदि कापीराइट का प्रश्न है तो लेखक को कापीराइट धारक की अनुज्ञा की मूल प्रति तथा एक अनुप्रमाणित सत्य प्रति प्रस्तुत करनी होगी । जांच के बाद मूल प्रति लेखक को लौटा दी जाएगी तथा अनुप्रमाणित प्रति विभाग में रिकार्ड के लिए रख ली जाएगी ।

(iii) प्रतियोगी को पुस्तक की 6 मुद्रित या टंकित की हुई प्रतियां निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र के साथ भेजनी होंगी । प्रविष्टियां तथा आवेदन-पत्र विधिवत् भर कर उप सचिव/निदेशक (प्रशासन) एवं सचिव, वित्तीय साहित्य पुरस्कार समिति, वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग, नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली को भेजनी होंगी ।

(iv) प्रतियोगी को प्रत्येक प्रविष्टि के साथ उसके विषय के सारांश की भी 6 प्रतियां प्रस्तुत करनी होंगी ।

(v) निर्धारित तारीख के बाद प्रस्तुत की गई पुस्तकें उस वर्ष पुरस्कार के लिए स्वीकार नहीं की जाएंगी ।

(vi) जिन पुस्तकों पर पुरस्कार के प्रयोजनार्थ एक बार विचार हो चुका है उन पर पुरस्कार की मंजूरी के सम्बन्ध में पुनः विचार नहीं किया जाएगा ।

(vii) यदि मूल्यांकन समिति वर्ष के दौरान किसी भी पुस्तक को पुरस्कार योग्य नहीं समझती तो उस वर्ष कोई भी पुरस्कार नहीं दिया जाएगा ।

(viii) कोई भी प्रतियोगी जिस वर्ष इस योजना के अन्तर्गत पुरस्कार के लिए अपनी पुस्तक प्रस्तुत करता है उस वर्ष वह मूल्यांकन समिति की सदस्यता के लिये पात्र नहीं होगा ।

(ix) पुरस्कार समिति का निर्णय अंतिम होगा ।

(x) यदि किसी पुस्तक पर अन्यत्र पुरस्कार मिल चुका है, तो वह पुस्तक इस योजना के अन्तर्गत पुरस्कार के लिए पात्र नहीं होगी। लेखकों को प्रविष्टियां भेजते समय इस सम्बन्ध में राजस्व विभाग को एक प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा ।

11. पुरस्कारों की घोषणा

(i) पुरस्कार विजेता लेखकों के नाम प्रमुख समाचार पत्रों तथा पत्रिकाओं के जरिये घोषित किये जायेंगे ।

(ii) पुरस्कारों के लिये प्रतियोगिता में भाग लेने वाले व्यक्तियों को परिणाम के बारे में अलग से सूचित किया जाएगा ।

(iii) यदि पुरस्कृत पुस्तक एक से अधिक लेखकों द्वारा लिखी गई है तो पुरस्कार की राशि सभी में बराबर बंट जाएगी ।

12. योजना की प्रबंध-व्यवस्था

(i) योजना की संचालन-व्यवस्था वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग द्वारा की जाएगी ।

(ii) योजना तथा पुरस्कारों से संबंधित सभी पत्रों पर कार्रवाई उप सचिव/निदेशक (प्रशासन), राजस्व विभाग एवं सचिव, वित्तीय साहित्य पुरस्कार योजना, वित्त मंत्रालय, नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली द्वारा की जाएगी ।

13. मूल्यांकन कर्ताओं तथा योजना का संचालन करने वाले अधिकारियों के लिए मानदेय

(i) प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता को प्रति पुस्तक 100/- रु० का मानदेय दिया जाएगा परन्तु मानदेय की अधिकतम सीमा केवल एक हजार रुपये होगी ।

(ii) योजना से सम्बन्धित कार्य करने वाले विभागीय अधिकारियों को भी समुचित मानदेय दिया जाएगा जिसका निर्णय सरकार द्वारा किया जाएगा ।

(iii) यदि मूल्यांकन समिति के सदस्यों को, पुरस्कार के लिए प्राप्त प्रविष्टियों के अंतिम मूल्यांकन हेतु दिल्ली के बाहर से बुलाया जाता है तो उन्हें नियमानुसार बैठक की अवधि के लिए यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता मंजूर किया जाएगा ।

14. योजना के लिए निधि

योजना पर होने वाला व्यय जैसा कि ऊपर बताया गया है, राजस्व विभाग के बजट अनुदान में से किया जाएगा ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि संकल्प की एक प्रति सभी राज्य सरकारों, संघ राज्य क्षेत्रों, प्रधान मंत्री सचिवालय, [मंत्रिमंडल सचिवालय, संसदीय कार्य विभाग, लोक सभा सचिवालय, राज्य सभा सचिवालय और भारत सरकार के सभी मंत्रालयों और विभागों को भेजी जाए ।

एस० बी० सरकार, अपर सचिव

(आर्थिक कार्य विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 19 अगस्त 1983

शुद्धि पत्र

सं० 2/24/82-एन० एस०—भारत सरकार, वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग) की अधिसूचना संख्या 2/24/82-एन० एस० के, जो तारीख 1-3-1983 को भारत के राजपत्र (असाधारण) के भाग I, खंड 1 में प्रकाशित की गई थी, शीर्ष "तीसरा इनाम (20,000 रुपये)" के अन्तर्गत कालम 3 में क्रम संख्या 5 के सामने "1027057" के स्थान पर "1027157" पढ़ा जाए ।

एस० गोपालन, अवर सचिव

इस्पात और खान मंत्रालय

(इस्पात विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 3 अगस्त 1983

संकल्प

सं० ई० 11015/2/83-हिन्दी (.)—यह फैसला किया गया है कि इस्पात और खान मंत्रालय के दिनांक 9 अप्रैल, 1981 के संकल्प संख्या ई०11015/2/80-हिन्दी द्वारा गठित इस्पात और खान मंत्रालय की हिन्दी सलाहकार समिति में संसदीय राजभाषा समिति के निम्नलिखित प्रतिनिधि भी सदस्य होंगे :—

1. आचार्य भगवान देव,
   सदस्य, लोक सभा
2. श्री गिरिधर गोमांगो,
   [सदस्य, लोक सभा

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस प्रस्ताव की प्रति सभी राज्य सरकारों और संघ राज्य प्रदेश के प्रशासकों, प्रधान मंत्री का कार्यालय, मंत्रिमंडल सचिवालय, संसद-कार्य विभाग, लोक सभा सचिवालय, राज्य-सभा सचिवालय, योजना आयोग, राष्ट्रपति सचिवालय, भारत के महालेखा परीक्षक, महालेखाकार, केन्द्रीय राजस्व और भारत सरकार के सभी मंत्रालयों तथा विभागों को भेजी जाए ।

यह भी आदेश दिया जाता है कि संकल्प को सर्वसाधारण की जानकारी के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए ।

प्र० गो० रामरत्यानी, संयुक्त सचिव

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग

नई दिल्ली 110016, दिनांक 29 जुलाई 1983

संकल्प

सं० एफ०-20019/2/82-प्रशा०-I—अपने 17 मई, 1982 के संकल्प द्वारा यथासंशोधित संकल्प सं० एफ०-20019/2/82-प्रशा०-I, दिनांक 18 जनवरी, 1982 में आंशिक संशोधन करते हुए भारत सरकार ने राष्ट्रीय जैव प्रौद्योगिकी बोर्ड की कार्यपालक समिति को समाप्त करने और उसके स्थान पर दो उप-समितियों, नामतः कार्यपालक समिति और विशेषज्ञ समिति को स्थापित करने का निर्णय किया है।

2. उपरोक्त दो समितियों का संघटन और कार्य निम्नलिखित है :—

कार्यपालक समिति

संघटन :

1. सचिव, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग	अध्यक्ष
2. महानिदेशक, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद	सदस्य
3. महानिदेशक, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान संस्थान	सदस्य

4. महानिदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद	सदस्य
5. सचिव, परमाणु ऊर्जा विभाग (अनुसंधान और विकास)	सदस्य
6. सचिव (व्यय)	सदस्य
7. सलाहकार (जैव-प्रौद्योगिकी)	सदस्य-सचिव

कार्य :

1. बोर्ड के क्रियाकलापों के संचालन और कार्यान्वयन में रोजमर्रा के पहलुओं से संबंधित मामलों में बोर्ड को सलाह देना;
2. शुरू में 5 वर्ष की अवधि के लिए कार्यान्वयन के लिए दीर्घ-कालीन कार्यक्रम तैयार करना;
3. राष्ट्रीय जैव प्रौद्योगिकी बोर्ड के अंतर्गत समर्थन प्राप्त करने के लिए अनुसंधान प्रस्तावों को प्राप्त करने और उन्हें संसाधित करने के लिए मार्गदर्शक सिद्धांतों का निर्माण और उनकी समीक्षा करने के लिए राष्ट्रीय जैव प्रौद्योगिकी बोर्ड को सलाह देना तथा सभी अभिकरणों द्वारा पालन किए जाने के लिए समान मार्गदर्शक सिद्धांत तैयार करने के लिए बोर्ड को सलाह देना;
4. सारे कार्यक्रमों का समन्वय, मूल्यांकन और मानीटरन करने के लिए प्रभावशाली क्रियाविधि की सिफारिश करना;
5. आर्थिक दृष्टिकोणों से जैव प्रौद्योगिकीय अनुसंधान में निर्धारित प्राथमिकताओं का मूल्यांकन करना और उनके बारे में सलाह देना;
6. जैव प्रौद्योगिकी पर स्थिति रिपोर्ट तैयार करने के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत प्रदान करना और देश में तथा विश्व में जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में स्थिति रिपोर्ट को अद्यतन करने के कार्य का पर्यवेक्षण करना;
7. सामर्थ्य निर्माण हेतु मार्गदर्शन उपलब्ध कराना और इस उद्देश्य से विभिन्न देशों से आमंत्रित किए जाने वाले वैज्ञानिकों का चयन करना;
8. अंतर्राष्ट्रीय अभिकरणों द्वारा निधीयित किए जाने के लिए परियोजनाओं का अभिनिर्माण और अनुमोदन करना;
9. ऐसे नये क्षेत्रों का निर्धारण करना जिसमें जैव प्रौद्योगिकीय अनुसंधान और विकास की आवश्यकता है;
10. उस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रमों की सिफारिश करना जो कि उपलब्ध विशेषज्ञता के क्षेत्रों में पाई गई कमी वाले क्षेत्रों को भरने के लिए अति उपयुक्त हैं;
11. विभिन्न प्रशिक्षणों कार्यक्रमों में और अधिक विकास के लिए केन्द्र बिन्दु बनने वाले विषय क्षेत्रों, संस्थाओं और व्यक्तियों का अभिनिर्धारण करना;
12. कार्य के नए क्षेत्रों और चालू कार्यक्रमों के लिए मध्यम और दीर्घ अवधि की वित्तीय आवश्यकताओं का निर्धारण करना; और
13. इस बोर्ड द्वारा समय-समय पर इसे सौंपे जाने वाले कोई अन्य कार्य।

कार्यपालक समिति के कुछ कार्यों में सहायता प्रदान करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति की नियुक्ति की गई है ।

विशेषज्ञ समिति

संघटन :

1. डा० एस० वरदराजन, सचिव, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग और उप-अध्यक्ष, राष्ट्रीय जैव प्रौद्योगिकी बोर्ड	अध्यक्ष
2. डा० टी० के० घोष, बी० ई० आर० सी०, आई० आई० टी०, नई दिल्ली।	सदस्य
3. डा० (श्रीमति) शिप्रा गुहा मुखर्जी, स्कूल आफ लाइफ साइंसिज, जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली ।	सदस्य
4. डा० एच० के० जैन, निदेशक, आई० ए० आर० आई, नई दिल्ली ।	सदस्य
5. डा० पी० बी० साने, बी० ए० आर० सी०, बम्बई।	सदस्य
6. डा० (सुश्री) के० पावरी, निदेशक, वाइरस रिसर्च इंस्टीट्यूट, पूणे।	सदस्य
7. डा० टी० बी० सुब्बैया, अलेम्बिक कैमिकल वर्क्स लिमिटेड, बडोदरा।	सदस्य
8. डा० बी० के० बच्चावत, निदेशक, आई० आई० सी० बी०, कलकत्ता।	सदस्य
9. डा० एस० रामचन्द्रन, सलाहकार, एन० बी० टी० बी०, नई दिल्ली।	सदस्य-सचिव

कार्य :

1. सरकार एवं विभिन्न राष्ट्रीय अभिकरणों द्वारा जैव प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों में समर्थन के लिए अल्प एवं दीर्घ अवधि कार्यक्रम बनाने के लिए सलाह देना तथा मार्ग निर्देशन प्रदान करना;
2. विभिन्न क्षेत्रों में एन० बी० टी० बी० द्वारा प्राप्त कार्यक्रमों और परियोजनाओं की संवीक्षा और मूल्यांकन करने के लिए, विशेषता प्राप्त विशेषज्ञ दलों/कार्यदलों के निर्माण के लिए सलाह देना;
3. एन० बी० टी० बी० की कार्यपालक समिति की चुनिंदा परियोजनाओं के लिए, निधीयन और अपेक्षित वित्तीय समर्थन विनिर्दिष्ट करने के लिए और परियोजना अवधि के लिए कार्यक्रमों और अनुसंधान परियोजनाओं की सिफारिश करना;
4. एन० बी० टी० बी० द्वारा समर्थन प्रदान किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों/परियोजनाओं के लिए समीक्षा/मानीटरन समिति के रूप में कार्य करना और इन कार्यक्रमों के लिए अपेक्षित परिवर्तनों, मध्यावधि संशोधनों की सिफारिश करना;
5. एन० बी० टी० बी० की अल्पावधि और दीर्घावधि अनुसंधान और विकास योजनाओं को ध्यान में रखते हुए, राष्ट्रीय अनुसंधान और विकास अभिकरणों द्वारा समर्थन प्रदान की जा रही जैव प्रौद्योगिकी में मुख्य कार्यक्रमों और परियोजनाओं की समीक्षा और समन्वय करना;
6. मूल और अनुप्रयुक्त अनुसंधान कार्यक्रमों के मुख्य नये क्षेत्रों में, यदि आवश्यक हों तो, कार्यक्रमों का अभिनिर्धारण, संस्तुति और

निर्माण करना, जो कि समय समय पर हमारी राष्ट्रीय आवश्यकताओं के लिये संगत बन सकते है ;—

7. विश्वविद्यालयों या शैक्षणिक संस्थाओं में डिग्री या डिप्लोमा कोर्सों को आरंभ करने सहित जैव प्रौद्योगिकी के बहुविषय शास्त्रीय क्षेत्रों में जनशक्ति विकास और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में सलाह देना और उन्हें समन्वित करना ;

8. एक ओर शिक्षा और अनुसंधान और विकास प्रणाली और दूसरी ओर शिक्षा और उद्योग के मध्य सुदृढ़ सहलग्नताओं का विकास करने के लिए विशेष सिफारिशों का विकास करना ;

9. व्यापारिक और अर्द्ध व्यापारिक आदि प्ररूपों और प्रयोगिक संयंत्रों की स्थापना करने के बारे में सलाह देना और सिफारिशें करना जिससे कि देश में जैव प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों में विकसित प्रौद्योगिकियों और प्रक्रियाओं की बड़े पैमाने पर लाभप्रदता को अपस्केलित और प्रदर्शित किया जा सके;

10. भारतीय जैव प्रौद्योगिकी उद्योग के प्रौद्योगिक स्तर का मूल्यांकन करने के लिए प्रौद्योगिकी समीक्षा समिति की स्थापना के लिए सलाह देना और सिफारिश करना, जिससे कि भारतीय प्रौद्योगिकी को न केवल अद्यतन किया जा सके, अपितु देश के भविष्य में प्रौद्योगिकीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अनुसंधान और विकास कार्यक्रम को आरम्भ/सुदृढ़ किया जा सके; और

11. विदेशों में कार्यरत और भारत लौटने की इच्छा रखने वाले भारतीय वैज्ञानिकों के अभिनिर्धारण में सलाह और सहायता प्रदान करना और देश में विभिन्न अनुसंधान और विकास केंद्रों में उन्हें उपयुक्त नियुक्तियां प्रदान करने के बारे में सलाह और सहायता करना ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाये ।

यह भी आदेश दिया जाता है कि, इस संकल्प की एक एक प्रति सभी राज्य सरकारों, केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासनों, भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों, योजना आयोग, रेलवे बोर्ड, राष्ट्रपति सचिवालय, प्रधान मन्त्री कार्यालय, लोक सभा सचिवालय, राज्यसभा सचिवालय, मंत्रि-परिषद के सभी सदस्यों और राष्ट्रीय जैव प्रौद्योगिकी बोर्ड की कार्यपालक समिति और विशेषज्ञ समिति के सभी सदस्यों को प्रेषित की जाये ।

विनय शंकर, संयुक्त सचिव

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण

नई दिल्ली, दिनांक 28 जुलाई 1983

सं० 14/52/82-स्मा०—भारत सरकार ने संकल्प संख्या 14/52/83 स्मा०, दिनांक 10 जनवरी, 1983 द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति के कार्यकाल को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए आगे चार महीने, अर्थात 30 नवम्बर 1983 तक बढ़ाने का निश्चय किया है ।

कपिला वात्स्यायन, अपर सचिव

नौवहन और परिवहन मंत्रालय

(पत्तन पक्ष)

नई दिल्ली, दिनांक 19 अगस्त 1983

संकल्प

सं० पी० डब्ल्यू०/पी० टी० एच०-2/81—राष्ट्रीय बंदरगाह बोर्ड के पुनर्गठन के बारे में नौवहन और परिवहन मंत्रालय के संकल्प सं० पी० डब्ल्यू०/पी० टी० एच० 2/81 दिनांक 18 जुलाई 1981 में आंशिक संशोधन स्वरूप उक्त बोर्ड में बाकी अवधि के लिए प्रो० एम० एम० काम्बले के स्थान पर जो अब राज्य सभा के सदस्य नहीं है श्री मिर्जा इर्शादबेग, राज्य सभा सदस्य अब राष्ट्रीय बन्दरगाह बोर्ड के सदस्य होंगे ।

आदेश

आदेश दिया गया है कि इस संकल्प की एक एक प्रति बोर्ड के सदस्यों, राष्ट्रपति के सचिव, प्रधान मंत्री के सचिवालय, मंत्रीमंडल सचिवालय, योजना आयोग, भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों और संबंधित राज्य सरकारों को भेजी जाए ।

यह भी आदेश दिया गया कि संकल्प को सर्वसाधारण की जानकारी के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए ।

पी० वी० वेंकटकृष्णन, संयुक्त सचिव

ऊर्जा मन्त्रालय

(पेट्रोलियम विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 30 जून/12 अगस्त 1983

आदेश

विषय :—बेसिन (दक्षिण) संरचना पश्चिमी अपतट के 1289.63 वर्ग किलो मीटर क्षेत्र के लिए तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग को पेट्रोलियम अन्वेषण लाइसेंस की स्वीकृति ।

सं० ओ०-12012/2/83-प्रोडक्शन—पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियम, 1959 के नियम 5 के उप नियम (1) की धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग, तेल भवन, देहरादून (जिसको इसके बाद आयोग कहा जायेगा), को बेसिन (दक्षिण) संरचना पश्चिमी अपतट के 1289.63 वर्ग किलो मीटर क्षेत्र में पेट्रोलियम मिलने की संभावना हेतु एक पैट्रोलियम अन्वेषण लाइसेंस 9-12-1982 से 4 वर्ष की अवधि के लिए स्वीकृति देती है । इसके विवरण इसके साथ संलग्न अनुसूची "क" में दिये गये हैं ।

लाइसेंस की स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों पर है :—

(क) अन्वेषण लाइसेंस पेट्रोलियम के संबंध में होगा ।

(ख) यदि अन्वेषण कार्य के दौरान कोई खनिज पदार्थ पाये गये तो आयोग पूर्ण ब्यौरे के साथ उसकी सूचना केन्द्रीय सरकार को देगा ।

(ग) स्वत्व शुल्क (रायल्टी) निम्नलिखित दरों पर ली जायेगी :

(I) समस्त अशोधित तेल तथा केसिंग हैड कंडेन्सेंट पर रुपये प्रति मी० टन या ऐसी दर जो समय समय पर केन्द्रीय सरकार द्वारा निर्धारित की जायेगी ।

(II) प्राकृतिक गैस के संबंध में ये दर केन्द्रीय सरकार द्वारा समय समय पर निर्धारित दर के अनुसार होगी ।

(III) स्वत्व शुल्क (रायल्टी) की अदायगी, पेट्रोलियम, विभाग, नई दिल्ली के वेतन तथा लेखा अधिकारी को दी जायेगी ।

(घ) आयोग लाइसेंस के अनुसरण में प्रत्येक माह के प्रथम 30 दिनों में गत माह से प्राप्त समस्त अशोधित तेल की मात्रा, केसिंग हैड कंडेन्सेंट और प्राकृतिक गैस की मात्रा तथा उसका कुल उचित मूल्य दर्शाने वाला एक पूर्ण तथा उचित विवरण केंद्रीय सरकार को भेजेगा । यह विवरण संलग्न अनुसूची "ख" में दिये गये प्रपत्र में भरकर देना होगा ।

(ङ) पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियम, 1959 के नियम II की आवश्यकता के अनुसार आयोग 6000/- रुपये की धनराशि प्रतिभूति के रूप में जमा करेगा ।

(घ) आयोग प्रतिवर्ष लाइसेंस के संबंध में एक शुल्क के संबंध में एक शुल्क का भुगतान करेगा जिसकी संगणना प्रत्येक वर्ग किलो-मीटर या उसके किसी अंश जिसका लाइसेंस में उल्लेख किया गया हो, निम्नलिखित दरों पर की जायेगी :—

1. लाइसेंस के प्रथम वर्ष के लिए	4 रु०
2. लाइसेंस के द्वितीय वर्ष के लिए	20 रु०
3. लाइसेंस के तृतीय वर्ष के लिए	100 रु०
4. लाइसेंस के चतुर्थ वर्ष के लिए	200 रु०
5. लाइसेंस के नवीनीकरण के प्रथम और द्वितीय वर्ष के लिए	300 रुपये

(ङ) पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियम, 1959 के नियम II के उपनियम (3) की आवश्यकतानुसार आयोग को अन्वेषण लाइसेंस के किसी क्षेत्र के किसी भाग को छोड़ देने की स्वतन्त्रता सरकार को दो माह के नोटिस के बाद होगी।

(च) आयोग केन्द्रीय सरकार की मांग पर उसको तत्काल तेल तथा प्राकृतिक गैस अन्वेषण के अन्तर्गत पाये गये समस्त खनिज पदार्थों के संबंध में भूवैज्ञानिक आंकड़ों के बारे में एक पूर्ण रिपोर्ट गुप्त रूप से देगा तथा हर छः महीने में निश्चित रूप से केन्द्रीय सरकार को समस्त परिचालनों व्यधन तथा अन्वेषण कार्यों के परिणामों के बारे में सूचना देगा।

(छ) आयोग समुद्र की तलहटी और/या उसके धरातल पर आग लगने संबंधी निवारक उपायों की व्यवस्था करेगा तथा आग बुझाने हेतु हर समय के लिये ऐसे उपकरण, सामान तथा साधन बनाये रखेगा और तीसरी पार्टी और/या सरकार को उतना मुआवजा देगा जितना कि आग लगने से हुई हानि के बारे में निर्धारित किया जाएगा।

(ज) इस अन्वेषण लाइसेंस पर तेल क्षेत्र (नियंत्रण और विकास) अधिनियम 1948 (1948 का 53) और पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस नियम, 1959 के उपबन्ध लागू होंगे।

(झ) पेट्रोलियम अन्वेषण लाइसेंस के बारे में आयोग केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित एक जैसा दस्तावेज भर कर देगा जो अपतटीय क्षेत्रों के लिए व्यवहार्य होगा।

अनुसूची "क"

इस पेट्रोलियम अन्वेषण लाइसेंस के अन्तर्गत बेसिन (दक्षिण) का क्षेत्र आता है तथा यह अक्षांश 19°00′ 00″ दक्षिण से 19°30′ 00″ उत्तर तक और देशांतर में 72°00′ 00″ पश्चिम से 72°15′ 00″ पूर्व के बीच का है और मानचित्र में कोने के बिन्दुओं ए० बी० सी० और डी को मिलाती हुई रेखा द्वारा चित्रित किया गया है तथा इसका क्षेत्रफल 1289.63 वर्ग किलो मीटर है।

यह क्षेत्र जहां पर स्थित है उसके बिन्दु जिन अक्षांशों और देशांतरों पर पड़ते हैं तथा उनकी बीच की दूरी निम्नलिखित है :

बेयरिंग

	अक्षांश			देशान्तर		
	डि०	मि०	सै०	डि०	मि०	सै०
बिन्दु "ए" है	19°	30′	00″ एन	72°	04′	10.96″ई
बिन्दु "बी" है	19°	15′	00″ एन	72°	04′	10.96″ई
बिन्दु "सी" है	19°	15′	00″ एन	72°	00′	00″ ई
बिन्दु "डी" है	19°	00′	00″ एन	72°	00′	00″ ई
बिन्दु "ई" है	19°	00′	00″ एन	72°	15′	00″ ई
बिन्दु "एफ" है	19°	30′	00″ एन	72°	15′	00″ ई

अनुसूची—ख

अशोधित तेल, केसिंग कन्डेन्सेट तथा प्राकृतिक गैस के उत्पादन तथा उसके मूल्य सहित मासिक वितरण
बेसिन (दक्षिण) संरचना पश्चिमी अपतट के लिये पेट्रोलियम अन्वेषण लाइसेंस

क्षेत्रफल : 128963 वर्ग किलो मीटर

माह तथा वर्ष :

क—अशोधित तेल

कुल प्राप्त किलो लीटरों की सं०	अपरिहार्य रूप से खोये अथवा प्राकृतिक जलाशय को लौटाये किलो लीटरों की संख्या	केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित पेट्रोलियम अन्वेषण कार्य हेतु प्रयोग किये गये लीटरों की सं०	कालम 2 और 3 को घटाकर प्राप्त किलो लीटरों की सं०	टिप्पणी
1	2	3	4	5

ख—केसिंग हैड कन्डेन्सेट

प्राप्त किये गये कुल किलो लीटरों की संख्या	अपरिहार्य रूप से खोये अथवा प्राकृतिक जलाशय को लौटाये किलो लीटरों की संख्या	केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित पेट्रोलियम अन्वेषण कार्य हेतु प्रयोग किए गये किलो लीटरों की सं०	कालम 2 और 3 को घटाकर प्राप्त किलो लीटरों की सं०	टिप्पणी
1	2	3	4	5

ग—प्राकृतिक गैस

कुल प्राप्त घन मीटरों की संख्या	अपरिहार्य रूप से खोये अथवा प्राकृतिक जलाशय को लौटाये गये घन मीटरों की संख्या	केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित पेट्रोलियम अन्वेषण कार्य हेतु प्रयोग किये गये घन मीटरों की संख्या	कालम 2 और 3 को घटाकर प्राप्त घन मीटरों की संख्या	टिप्पणी
1	2	3	4	5

एतद्द्वारा मैं, श्री ——————————सत्य निष्ठापूर्वक घोषणा एवं पुष्टि करता हूं कि इस विवरण में दी गई सूचना पूर्ण रूपेण सत्य और सही है, उसे सही समझते हुए म शद्ध अन्तःकरण से सत्यनिष्ठा से यह घोषणा करता हूं।

हस्ताक्षर

भारत के राष्ट्रपति के आदेश से तथा उनके नाम में है।

राजेन्द्र सिंह निदेशक

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनाक 8 अगस्त 1983

सं० 601/35/83-टी० वी०—दूरदर्शन के लिये कार्यक्रम संबंधी योजना तैयार करने के लिये एक कार्य दल की नियुक्ति के बारे में 6 दिसम्बर, 1982 और 14 मार्च, 1983 के समसंख्यक संकल्प के क्रम में कार्य दल द्वारा अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने की अवधि बढ़ा कर 30 सितम्बर, 1983 तक करने का निर्णय लिया गया है।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक एक प्रति कार्यदल के अध्यक्ष/सदस्यों, प्रधान मंत्री के कार्यालय, भारत सरकार के सभी मंत्रालयों और विभागों तथा सभी राज्य सरकारों और संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को भेज दी जाए।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को सर्वसाधारण की जानकारी के लिये भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

सुरेश माथुर, संयुक्त सचिव

खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्रालय

(नागरिक पूर्ति विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 22 अगस्त 1983

आदेश

सं० 8/8/82-सीपीयू—भारत सरकार ने देश में उपभोक्ता संरक्षण आन्दोलन को बेहतर दिशा देने तथा उसे सोद्देश्य बनाने के लक्ष्य से एक उपभोक्ता संरक्षण परिषद् गठित करने का निर्णय किया है। परिषद् का गठन निम्न प्रकार होगा :—

1. मंत्री (खाद्य और नागरिक पूर्ति)	अध्यक्ष
2. उप मंत्री (इलेक्ट्रानिकी तथा खाद्य और नागरिक पूर्ति)	उपाध्यक्ष
3. श्रीमती ऊषा प्रकाश चौधरी, सदस्य, लोक सभा	सदस्य
4. श्रीमती कैलाशपति, सदस्य, लोक सभा	सदस्य
5. श्रीमती रोडा मिस्त्री, सदस्य, राज्य सभा	सदस्य
6. डा० (श्रीमती) सतियावाणी मुथु, सदस्य, राज्य सभा	सदस्य
7. सचिव, भारत सरकार, नागरिक पूर्ति विभाग, नई दिल्ली	सदस्य
8. सचिव, भारत सरकार, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, नई दिल्ली	सदस्य
9. सचिव, भारत सरकार, खाद्य विभाग, नई दिल्ली	सदस्य
10. सचिव, भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली	सदस्य
11. सचिव, भारत सरकार, औद्योगिक विकास विभाग, नई दिल्ली	सदस्य
12. सचिव, भारत सरकार, ग्रामीण विकास मंत्रालय, नई दिल्ली	सदस्य
13. अध्यक्ष, भारतीय खाद्य निगम, नई दिल्ली	सदस्य
14. मंत्री/सचिव (उपभोक्ता संरक्षण के प्रभारी), हरियाणा सरकार	सदस्य
15. मंत्री/सचिव (उपभोक्ता संरक्षण के प्रभारी), गुजरात सरकार	सदस्य
16. मंत्री/सचिव (उपभोक्ता संरक्षण के प्रभारी), बिहार सरकार	सदस्य
17. मंत्री/सचिव (उपभोक्ता संरक्षण के प्रभारी), आंध्र प्रदेश सरकार	सदस्य
18. मंत्री/सचिव (उपभोक्ता संरक्षण के प्रभारी), असम सरकार	सदस्य
19. सचिव (उपभोक्ता संरक्षण के प्रभारी), अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह प्रशासन	सदस्य
20. सचिव (उपभोक्ता संरक्षण के प्रभारी), अरुणाचल प्रदेश सरकार	सदस्य
21. कन्ज्यूमर्स एक्शन फोरम, कलकत्ता का प्रतिनिधि	सदस्य
22. इंस्टीच्यूट आफ कंज्यूमर प्रोटेक्शन स्टडीज मद्रास का प्रतिनिधि	सदस्य
23. नेशनल कंज्यूमर्स फ्रंट, नई दिल्ली का प्रतिनिधि	सदस्य
24. नेशनल इंस्टीच्यूट आफ कंज्यूमर्स स्टडीज हैदराबाद का प्रतिनिधि	सदस्य
25. उपायुक्त, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति भारत सरकार, नई दिल्ली	सदस्य
26. महानिदेशक, भारतीय मानक संस्था, नई दिल्ली	सदस्य
27. भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता संघ मर्यादित, नई दिल्ली	सदस्य
28. संयुक्त सचिव (उपभोक्ता संरक्षण के प्रभारी), नागरिक पूर्ति विभाग नई दिल्ली	सदस्य सचिव

II. कार्यकाल

परिषद् का कार्यकाल उसके गठन की तारीख से निम्नलिखित बातों के अधीन तीन वर्ष होगा :—

(क) जो संसद सदस्य परिषद् के सदस्य हैं, वे संसद सदस्य न रहने पर इस परिषद् के सदस्य भी नहीं रहेंगे;

(ख) राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों तथा उपभोक्ता संगठनों के प्रतिनिधि (क्रम सं० 14 से 24 तक) बारी-बारी से एक वर्ष की अवधि के लिए इस परिषद् के सदस्य होंगे;

(ग) परिषद् के पदेन सदस्य उस समय तक सदस्य बने रहेंगे जब तक कि वे अपने उन पदों पर हैं जिनके कारण वे परिषद् के सदस्य मनोनीत किए गये हैं, और

(घ) यदि किसी सदस्य के त्यागपत्र देने, मृत्यु आदि के कारण परिषद् में कोई स्थान रिक्त होता है तो उसके स्थान पर नियुक्त किया गया अन्य सदस्य कार्यकाल की शेष अवधि के लिए सदस्य रहेगा।

III. सामान्य

परिषद की वर्ष में कम से कम दो बार बैठक होगी और वह उपभोक्ता के हितों से संबंधित सभी मामलों पर सरकार को सलाह और उन उपायों का सुझाव देगी जो उपभोक्ता संरक्षण के विभिन्न पहलुओं से संबंधित कानूनों से प्रशासनिक तौर पर संबंध रखने वाले विभिन्न मंत्रालयों/विभागों द्वारा किए जाने हैं।

श्रीविलास मणि त्रिपाठी
संयुक्त सचिव

PRESIDENT'S SECRETARIAT

New Delhi, the 27th August 1983

